मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएँ

चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2021 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य में ब्लॉकस्तर पर स्थापित 40 नई मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार के '**हर खेत स्वस्थ खेत**' के तहत मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएँ स्थापित की गई हैं।
- इसका उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य के आधार पर फसल की बुवाई करने हेतु जानकारी उपलब्ध कराना है।
- पहले चरण में इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से इस वर्ष 25 लाख एकड़ भूमि का मृदा परीक्षण किया जाएगा, जबकि अगले तीन साल में हरियाणा की पूरी 75 लाख एकड़ कृषि भूमि का मिट्टी परीक्षण किया जाएगा।
- गौरतलब है कि इस वित्तीय वर्ष के दौरान पंचकूला और करनाल स्थित दो मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं को **राष्ट्रीय परीक्षण एवं अंशांकन प्रयोगशाला (एनएबीएल)** के **राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड** से मान्यता प्राप्त करने का प्रस्ताव दिया गया है। इसके साथ ही हरियाणा भारत का पहला राज्य होगा, जिसके पास भूमि परीक्षण प्रयोगशालाओं की एनएबीएल मान्यता होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/soil-testing-laboratories